तेरा उपकार है | By Akash Gupta (Golu)

सारी खुशियां घर आँगन हैं
खुश मेरा परिवार है
तेरा उपकार है, तेरा उपकार है
इस लायक मैं नहीं सांवरे
फिर भी लुटाया प्यार है
तेरा उपकार है, तेरा उपकार है

ये तेरी ही कृपा है ठाकुर
सुख आनंद से जीते हैं
हार भी हमसे हार गई
हर बाज़ी हम जीते हैं
मेरे इस जीवन में सांवरे
अहम् तेरा किरदार है
तेरा उपकार है, तेरा उपकार है

बड़े भाग्य हैं मेरे जो
तुम जैसा मालिक पाया है
तेरी तनख्वाह से बाबा
ये घर संसार बनाया है
जब जब मुझको पड़ी ज़रूरत
संग रहा हर बार है
तेरा उपकार है, तेरा उपकार है

देख के दुनियादारी को
ये नाज़ुक दिल घबराता है
तीन बाण का चिन्ह मुझे
फिर से विश्वास दिलाता है
क्यूँ चिंता करते गोलू जब
बैठा लखदातार है
तेरा उपकार है, तेरा उपकार है

https://bhaktivandana.com/lyrics/%e0%a4%a4%e0%a5%87%e0%a4%b0%e0%a4%be-%e0%a4%89%e0%a4%aa%e0%a4%95%e0%a4%be%e0%a4%b0-%e0%a4%b9%e0%a5%88-by-akash-gupta-golu/